बरेली, बुधवार
5 मई, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14

दैनिक जागरण

PAGE NO. 04 : MIDDLE

संक्रमितों के लिए फोन पर दे रहे सलाह, दवा भी मुफ्त में

जागरण संवाददाता, बरेली: उम्र 65 साल, नाम, डा. एमपी रावल। सरकारी सेवाएं देने के बाद अब श्री

सराहनीय प्रयास

राममूर्ति स्मारक मेडिकल कालेज (एसआरएमएस) में कोविड यूनिट के इंचार्ज हैं। दिनभर ड्यूटी के बाद वह मोबाइल फोन पर कोरोना संक्रमितों को इलाज के तरीके बताते हैं। निशुल्क दवाएं भेजते हैं।

डा. एम पी रावल इस तरह रोजाना करीब 40 कोविड संक्रमितों की मदद करते हैं। मरीजों को बताई गई एक्टिविटी की रिपोर्ट प्रतिदिन शाम को लेते हैं। रिपोर्ट में आए आक्सीजन स्तर, पल्स और तापमान की जानकारी लेकर उनकी स्थिति को समझते हैं। सिर्फ बरेली के ही नहीं बल्कि दिल्ली, लखनऊ, आगरा, कानपुर, प्रयागराज आदि दूसरे जिलों के मरीज भी उनके संपर्क में हैं। **ग्रीन पार्क के लोग हो रहे लाभान्वित:** डा. एमपी रावल शहर के ग्रीन पार्क कालोनी में रहते हैं। यहां के लोगों को जब उनकी मोबाइल ओपीडी की जानकारी हुई तो होम आइसोलेशन वाले लोगों ने उनसे संपर्क किया। कालोनी के अब 15 लोग होम आइसोलेशन में ठीक हो चुके हैं। उन्होंने ने बताया कि उन्हें कोरोना हो चुका है। उनके परिवार के लोग भी कोविड पॉजिटिव हुए, लेकिन उन्होंने छुट्टी नहीं ली। वह लगातार अपनी सेवाएं देते रहें।

ऐसे शुरू हुई मुहिम

मरीज से बात करते डा. एमपी रावल • सौ. स्वयं

डा. एमपी रावल की मोबाइल ओपीडी की शुरुआत उनके एक जानने वाले व्यक्ति से शुरू हुई। उन्होंने पहली बार मोबाइल ओपीडी के जरिए ट्रीटमेंट दिया, इसकी जानकारी उनके स्टाफ और पड़ोसियों को मिली। इसके बाद स्टाफ और कालोनी के लोगों ने उनसे मदद लेनी शुरू की।